आइआइएम रांची का बिजनेस कॉन्क्लेव रेडेक्स 5.0 का समापन

# सफलता चाहते हैं, तो परिवर्तन के लिए रहें तैयार

**लाइफ रिपोर्टर @ रांची**

आइआइएम रांची के बिजनेस कॉन्क्लेव रेडेक्स 5.0 का समापन रविवार को हुआ. इस मौके पर एनटीटी डेटा सर्विसेस के निदेशक श्याम मदनपाली ने विद्यार्थियों को वूका वर्ल्ड के संबंध में बताया कि हम आज जिस वूका वर्ल्ड की चर्चा कर रहे हैं, उसके बारे में भगवद गीता में बताया जा चुका है. गीता में यह कहा जाना कि 'परिवर्तन संसार का नियम है' इसी वूका वर्ल्ड की बात करता है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मैनेजमेंट के क्षेत्र में अनिश्चितता का दौर रहता है. इसे हम नकार नहीं सकते हैं.

रॉयल फिलिप के ग्लोबल हेड कृष्णा रामाचंद्रन ने कहा कि इस वूका वर्ल्ड में परिवर्तन ही एकमात्र सत्य है. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अगर आप आज की दुनिया में सफलता पाना चाहते हैं, तो परिवर्तन के लिए हमेशा तैयार रहें. कार्यक्रम के दौरान आरक्रोमा इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अंजनी प्रसाद ने आरक्रोमा इंडिया में अपनी यात्रा को वूका वर्ल्ड के साथ जोड़ कर बताया. उन्होंने कहा कि आज की कॉरपोरेट दुनिया में वूका शब्द जिस तरह से लोगों को डरा रहा है, ऐसे में भावी मैनेजर व बिजनेसमैन को अपनी व्यक्तिगत क्षमता, सुनने की क्षमता और बंधे-बंधाये नियम से आगे बढ़ कर काम करना होगा. मौके पर विद्यार्थियों के बीच पैनल डिस्कशन किया गया. इसके बाद जीएमआर एनर्जी के एचआर चीफ राजीव मिश्रा, वैल्यू रिसर्च के फाउंडर व चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर धीरेंद्र कुमार, कर्वी कंप्यूटर्स के चीफ एचआर ऑफिसर प्रदिप्ता साहू ने भी विद्यार्थियों को वूका वर्ल्ड में संभावनाओं के बारे में जानकारी दी.



कार्यक्रम में जानकारी देते अतिथि.

Prabhat Khabar, 26.11.2018, Pg. 17